प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

31 मार्च 2021

1 अप्रैल 2021 से आरंभ होने वाली तिमाही के लिए
एनबीएफसी-एमएफआई द्वारा प्रभारित की जाने वाली लागू औसत आधार दर

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज सूचित किया है कि 1 अप्रैल 2021 से आरंभ होने वाली तिमाही के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- लघु वित्त संस्थान (एनबीएफसी-एमएफआई) द्वारा प्रभारित की जाने वाली लागू औसत आधार दर 7.81 प्रतिशत होगी।

यह विदित है कि रिज़र्व बैंक ने ऋण के मूल्य निर्धारण संबंधी दिनांक 7 फरवरी 2014 को एनबीएफसी-एमएफआई को जारी अपने परिपत्र में यह कहा था कि वह प्रत्येक तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को आगामी तिमाही में एनबीएफसी-एमएफआई द्वारा अपने उधारकर्ताओं को प्रभारित किए जाने वाले ब्याज दरों को निर्धारित किए जाने के उद्देश्य से पांच सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंकों के आधार दरों का औसत सूचित करेगा।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1322